## प्रादेशिक समाचार

## 02.01.2026 (दोपहर – 1455 बजे)

झारखंड में विशेष गहन पुनरीक्षण से पहले मतदाता सूची की पैटर्नल मैपिंग का कार्य अब अंतिम चरण में है। राज्य में वर्तमान मतदाता सूची को 2003 की सूची से जोड़ने का कार्य 78 प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका है। निर्वाचन आयोग की टीम 8 जनवरी को झारखंड का दौरा कर सकती है, जिसके बाद 10 फरवरी के आसपास विशेष गहन पुनरीक्षण की औपचारिक घोषणा होने की संभावना है।

*********************

नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार और कुछ राजनीतिक दलों पर पेसा कानून की आड़ में आदिवासी पहचान को कमजोर करने की साजिश का आरोप लगाया है। श्री मरांडी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा है कि आदिवासी समाज की आस्था, परंपरा और पहचान प्राचीन सनातन मूल्यों से गहराई से जुड़ी हुई है और यही परंपराएं उनकी सामाजिक संरचना, स्वशासन व्यवस्था और जीवन पद्धति की मजबूत नींव रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार और कुछ राजनीतिक दल वोट बैंक की राजनीति और विदेशी धर्मों के प्रभाव में आदिवासी समाज की जड़ों को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं।

*********************

केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज  रांची नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर–10 में कल्वर्ट निर्माण की आधारशिला रखी। शिलान्यास कार्यक्रम में कई स्थानीय कार्यकर्ता और नागरिक मौजूद रहे।

*********************

पलामू के मेदिनीनगर स्थित जेवर कारोबारी से एक करोड़ की रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने एक और अपराधी को गिरफ्तार किया है।  पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अपराधिक प्रवृति का है। उन्होंने बताया कि फायरिंग के लिए कुख्यात अपराधी प्रिंस खान से उसे 30 हजार रुपए मिलने वाले थे।

*********************

हजारीबाग सेंट्रल जेल से फरार बंदी देवा भुईयां समेत दो अन्य की तलाश में हजारीबाग पुलिस ने धनबाद में दबिश दी है। लोयाबाद थाना क्षेत्र स्थित देवा भुईयां के घर पर छापेमारी की गई। इस दौरान पुलिस उसकी मां समेत दो परिजनों को पूछताछ के लिए हिरासत में अपने साथ ले गई। इससे पहले पुलिस और दो लोगों को हजारीबाग से अपनी हिरासत में ले चुकी है।

*********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार आज देवघर जाने के क्रम में गिरिडीह परिसदन में रुके। गिरिडीह पुलिस ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। कुछ देर के विश्राम के बाद राज्यपाल देवघर के लिए रवाना हो गए।

*********************

जमशेदपुर में जिला प्रसाशन द्वारा 1 जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इसी के तहत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जहां सड़क सुरक्षा की अवहेलना करने वालों को जिला परिवहन पदाधिकारी और ट्रैफ़िक डीएसपी फूल देकर सुरक्षा नियमों के पालन की अपील कर रहे हैं।

*********************

धनबाद में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी शुरू हो गई है। इसे लेकर उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में आज बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि पूर्व की भांति जिला स्तरीय मुख्य समारोह शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इसमें विभिन्न प्लाटूनों द्वारा परेड और विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकी निकाली जाएगी। उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरकारी कर्मी, पुलिस पदाधिकारी, राजस्व कर्मी, पंचायत सेवक, जनसेवक को सम्मानित किया जाएगा

*********************

भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2023 बैच के पदाधिकारी अर्नव मिश्रा ने धालभूम अनुमंडल के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) के रूप में आज पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के पश्चात नवपदस्थापित अनुमंडल पदाधिकारी ने जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त से शिष्टाचार भेंट की।

*********समाप्त************